सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 242 | इंदौर, बुधवार 13 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. SC: नए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति हो या नहीं, सुप्रीम कोर्ट 15 मार्च को करेगा सुनवाई
2. उत्तरप्रदेश : घूंघट की ओट में मरीज बन सरकारी अस्पताल पहुंचीं SDM, सच्चाई जान स्टाफ के उड़े होश
3. DRDO: इस वैज्ञानिक महिला की वजह से अग्नि-5 को मिली सफलता, अब मिल रही 'दिव्य पुत्री' नाम से पहचान
4. India's Techade: PM बोले- आत्मविश्वास से लबरेज युवा बदल देता है देश का भाग्य; सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की सौगात
5. MP Politics: सिंधिया समर्थक का फिर छलका दर्द, इमरती बोलीं- कांग्रेस में जीतती थी लेकिन भाजपा में हार रही हूं
6. Ashwin: 'धोनी महान, लेकिन रोहित भी कम नहीं', फैमिली इमरजेंसी वाले मामले पर अश्विन ने भारतीय कप्तान की तारीफ की
7. हैदराबाद: रमजान में पहले रोजे के बाद मुफ्त हलीम खाने टूट पड़ी जनता, रेस्तरां में अफरा-तफरी; लाठीचार्ज की नौबत
8. सीएम ने रखा विश्वास मत, जजपा के चार विधायक सदन में आए फिर बाहर निकले



# मार्च में तेवर दिखा रही गर्मी

## भोपाल में पहली बार 35 डिग्री पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल में मंगलवार को पारा 35.3 डिग्री दर्ज किया गया। मध्यप्रदेश में मार्च में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। मंगलवार को कई शहरों में टेम्प्रेचर ज्यादा रहा। भोपाल में इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान 35.3 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला और दमोह सबसे गर्म रहे। यहां दिन का तापमान 36.6 डिग्री रहा। नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रतलाम और सिवनी में भी पारा 36 डिग्री या इससे अधिक रहा।

## रतलाम-नरसिंहपुर समेत 6 शहरों में तेज गर्मी; मंडला-दमोह सबसे गर्म

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्के बादल छा सकते हैं। इससे टेम्प्रेचर में गिरावट भी हो सकती है। मार्च के दूसरे पखवाड़े में गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो सकते हैं। पूर्वी हवाएं चलने से गर्मी का असर बढ़ा है।

### पचमढ़ी में ही टेम्प्रेचर सबसे कम

प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में मंगलवार को पारा सबसे कम 29.4 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी सभी शहरों में टेम्प्रेचर 30 डिग्री से अधिक ही दर्ज किया गया है।

### मार्च के आखिरी में और बढ़ेगी गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी का असर और बढ़ेगा। इस महीने के आखिरी दिनों में तेज गर्मी का ट्रेंड है। इस बार पहले पखवाड़े में ही गर्मी तेवर दिखाने लगी है। अनुमान है कि आखिरी दिनों में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।



### भोपाल में आज भी तेज गर्मी के आसार

भोपाल में भी गर्मी का असर बढ़ा है। रविवार को पारा 34.5 डिग्री रहा था, जबकि सोमवार को 33.3 डिग्री रहा। मंगलवार को टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी हुई और पारा 35.3 डिग्री पर पहुंच गया। बुधवार को तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान है। इसके बाद एक-दो डिग्री की गिरावट भी हो सकती है।

### मंडला-दमोह सबसे गर्म रहे

मंगलवार को मंडला और दमोह सबसे गर्म रहे। पारा 36.6 डिग्री पहुंच गया। बड़े शहरों में भोपाल में 35.3 डिग्री, इंदौर में 33.7 डिग्री, ग्वालियर में 33.4 डिग्री, जबलपुर में 34.8 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 34 डिग्री दर्ज किया गया।

→रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल परीक्षा के नंबर भेजे ...

# कॉलेज पर दो लाख का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के आंतरिक परीक्षा के अंक भेजने वाले कालेज पर कार्रवाई की है। विश्वविद्यालय ने कालेज पर जुर्माना लगाने का आदेश निकाला है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी के हिसाब से दो हजार रुपये जमा करवाना है। मंगलवार को कालेज का स्टाफ जुर्माने की राशि कम करवाने की गुहार लगाने लगा। वैसे अधिकारियों ने जुर्माना की राशि में बदलाव करने से साफ मना कर दिया है, जबकि प्रबंधन के मुताबिक मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले ही अंक भेजे गए थे। फिलहाल इस संबंध में विश्वविद्यालय में किसी भी तरह का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

दरअसल, विश्वविद्यालय ने एमबीए दूसरे और चौथे सेमेस्टर का परिणाम दस दिन पहले घोषित किया, मगर शिवकुमार सिंह कालेज ने प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक मार्च में दिए। इसके चलते विश्वविद्यालय ने कालेज से पढ़ने वाले 100 छात्र-छात्राओं के परिणाम रोक दिया। लापरवाही बरतने वाले कालेज के खिलाफ विश्वविद्यालय ने कार्रवाई की है। प्रत्येक विद्यार्थी के हिसाब से दो-दो हजार रुपये जमा करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से कालेज को दो लाख रुपये जमा करना है। विश्वविद्यालय का आदेश मिलने के बाद कालेज में हड़कंप मचा गया। राशि कम करवाने के लिए कालेज का स्टाफ तीन दिन से अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि कालेज को जुर्माने की राशि भरने के लिए आदेश दिया है, मगर प्रबंधन के मुताबिक अंक पहले ही भेजे हैं। कालेज को अंक दिए जाने के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कालेज के डायरेक्टर शरद सिसौदिया का कहना है कि कुछ और कालेज ने अंक देरी से भेजे थे। उन्हें विश्वविद्यालय ने अनुमति दे दी है। वैसे विश्वविद्यालय को पत्र लिखकर राशि कम करने पर जोर दिया है।

### विद्यार्थियों से न वसूलें राशि

राशि कम करवाने पहुंचे कालेज के स्टाफ को अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जुर्माने की राशि विद्यार्थियों से न वसूली जाए, बल्कि परीक्षा समय पर नहीं करवाने और अंक भेजने में कालेज की लापरवाही सामने आई है। मौखिक आदेश में अधिकारियों ने स्टाफ को राशि कालेज द्वारा जमा करने पर जोर दिया है।

### पहले करवानी होती है परीक्षा

मुख्य और आंतरिक परीक्षा के अंकों के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन होता है। नियमानुसार मुख्य परीक्षा शुरू होने के पहले कालेजों को आंतरिक व प्रैक्टिकल परीक्षा करवाकर अंक भेजने होते हैं। इसके लिए पहले कालेजों को एमपी आनलाइन पर अंक अपलोड करने होते हैं। आंतरिक परीक्षा के अंकों की हार्ड कापी भी विश्वविद्यालय में भिजवाई जाती है, मगर कालेज प्रक्रिया का पालन ठीक से नहीं करते हैं। अधिकांश समय परीक्षा होने के बाद कालेजों से अंक प्राप्त होते हैं।

## बंगाली समाज मध्यस्तता केंद्र का शुभारंभ

### बंगाली समाज मध्यस्तता केंद्र अन्य समाजो के आपसी विवाद भी आपसी सुलह से सुलझाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक गरिमामय समारोह में बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर मे एम पी हाई कोर्ट द्वारा अधिकृत बंगाली समाज के मध्यस्तता केंद्र का शुभारंभ हुआ।**

हाई कोर्ट जस्टिस विवेक रुसियाजी एवम सेवानिवृत जिला एवम सत्र न्यायाधीश डॉ, मोहम्मद शमीमजी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर बंगाली स्कूल एंड क्लब प्रेसिडेंट अशोक मुकर्जी, सचिव आर एस रायचौधरी, बंगाली समाज के मध्यस्थ जे, एन चौधरी ,रवि नंदी, डिस्ट्रिक्ट लीगल एड ऑफिसर मनीष कौशिक विशेष रूप से उपस्थित थे। अपने मुख्य संबोधन में मो शमीम जी ने कहा कि मध्यस्ता केंद्र का मतलब अदालत के बाहर किसी तटस्थ व्यक्ति के द्वारा किसी केस का निराकरण। इसमें दोनों पक्ष जीतते है और कोई भी नही हारता है। यह केंद्र बंगाली समाज के द्वारा अन्य समाजों के केस भी आपसी सुलह से दूर करेगा। यह एक सस्ता और कम समय मे निपटने वाला माध्यम है, जिसमे दोनों पक्षों को सुना जाता है। यह स्वेच्छा पर आधारित है। दोनों पक्ष मध्यस्ता की बात को माने। आजकल मध्यस्ता केन्द्र के फेसले बहुत लोकप्रिय हो रहे है और उसे स्वीकार भी किया जा रहा हैं। अभी तो मध्यस्तता केंद्र मे पारिवारिक मामले निपटाए जा रहे रहे है। आने वाले दिनों मे मध्यसता केंद्र लेबर विवाद , मोटर दुर्घटना विवाद, उपभोक्ता विवाद, मकान मालिक किरायेदार विवाद भी आपसी सुलह से सुलझायेंगे। मो, शमीमजी ने आगे कहा कि मध्यस्त कराने वाले व्यक्ति की ड्यूटी है कि वे दोनों पक्षों को शांति और ध्यान से सुने और उसे गोपनीय रखे नहीं तो कभी भी विवाद नही सुलझेंगे।

मो शमीम जी ने आगे कहा कि जिस तरह साफ सफाई के मामले मे इंदौर देश मे लगातार नंबर वन आ रहा है वैसी ही स्थिति मध्यसतता मे भी नंबर वन बने। मो शमीमजी ने आगे कहा कि आज तालुका से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लाखों केस पेंडिंग पड़े है, ऐसे में मध्यस्तता केंद्र मे दीवानी मामलों के केस सुलझने से अदालतो मे भार कम होगा।

## इंदौर पहुंचे एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा मंगलवार को अपकमिंग फिल्म 'योद्धा' के प्रमोशन के लिए इंदौर पहुंचे। बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी पहुंच यहां स्टूडेंट्स से मिले और उनके साथ अपने अनुभवों को शेयर किए। बच्चों की डिमांड पर मूवी के टाइटल सॉग पर डांस भी किया। यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच फिल्म में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। सिद्धार्थ ने कहा कि मैं और को-एक्टर तनुजा 'योद्धा' टास्क फोर्स का हिस्सा हैं। फिल्म में बहुत सारी चीजें होती हैं, जिसके कारण हम सभी अलग-अलग रास्ते पर चले जाते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि मेरा ननिहाल इंदौर में ही है। मेरा बचपन यहीं बिता है। सराफा की चाट-चौपाटी और यशवंत क्लब में बैडमिंटन और टेबल टेनिस खूब खेला है। इंदौर आकर बचपन की यादे ताजा हो जाती हैं। एक्टर ने मूवी की कॉमिक बुक भी लॉच की।

## पार्षद निशा देवलिया का निर्वाचन शून्य घोषित करने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वार्ड 44 से पार्षद चुनी गई निशा देवलिया का निर्वाचन शून्य घोषित करने के जिला न्यायालय के फैसले को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। न्यायमूर्ति अनिल वर्मा के समक्ष याचिका में बुधवार को सुनवाई होना है। गौरतलब है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले हुए नगर निगम चुनाव में वार्ड 44 से भाजपा की निशा देवलिया ने कांग्रेस की नंदनी पिंटू मिश्रा को पराजित कर 1026 मतों से जीत दर्ज की थी। चुनाव के बाद मिश्रा ने देवलिया के खिलाफ जिला न्यायालय में याचिका दायर कर उनका निर्वाचन शून्य घोषित करने की मांग की थी। याचिका में कहा था कि देवलिया ने नामांकन पत्र दाखिल करते समय जो शपत्र पत्र दिया था उसमें गलत जानकारी दी थी। उन्होंने शपत्र पत्र में 200 वर्गफीट के टीन शेड के मकान की जानकारी दी और संपत्तिकर भी उसी के हिसाब से भरा जाना बताया, जबकि उनका मकान 1600 वर्गफीट का है और रजिस्ट्री में भी इतना क्षेत्रफल ही है।

## साड़ी वॉकथान पर पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने उठाए सवाल

### कलेक्टर को लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में मुख्यमंत्री के लेट आने से महिलाओं को जबरदस्ती रोके जाने के मामले पर पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन ताई नाराज हैं। उन्होंने महिला दिवस पर हुई साड़ी वॉकथान की घटना पर कलेक्टर से जवाब मांगा है। उन्होंने पूछा है कि यह कार्यक्रम किसका था। 8 मार्च को मुख्यमंत्री की मौजूदगी में महिलाओं की साड़ी वॉकथान आयोजित की गई थी।



कार्यक्रम के लिए दोपहर 3 बजे से ही महिलाओं को बुला लिया था। लेकिन सीएम शाम 7 बजे तक नहीं आए तो महिलाएं भड़क गईं। वे लौटने लगीं तो अफसरों ने नेहरू स्टेडियम के गेट के ताले लगवा दिया। इससे महिलाओं ने पत्थर उठा लिए। ताई द्वारा यह पत्र सोमवार को कलेक्टर को भेजा गया है। ताई ने लिखा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री थे। इस दौरान भारी अव्यवस्था हुई और महिलाओं को काफी परेशानी हुई। 7 मार्च को नेहरू स्टेडियम में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर शाम 4 बजे आयोजन रखा गया था। इसमें 25 हजार महिलाओं को आमंत्रण दिया गया। इन सभी को दोपहर 3 बजे बुला लिया था। मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में लेट हो गए। वे रात करीब 8 बजे पहुंचे। इस दौरान महिलाएं परेशान हो गई और स्टेडियम से जाने लगी। स्टेडियम खाली होता देख वहां मौजूद व्यवस्थापकों ने गेट पर ताले लगा दिए गए। इससे महिलाएं आक्रोशित हो गई और पत्थरों से ताले तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान खूब हंगामा हुआ। हालांकि मुख्यमंत्री ने देर से आने को लेकर अफसोस जाहिर किया था।

### इन सवालों के मांगे जवाब

1. न्यूज में महिलाओं को रोकने की, जो आई खबरें क्या सही है?
2. कार्यक्रम किसके द्वारा आयोजित किया गया?
3. इसका खर्च किसने उठाया?
4. इसमें कितनी महिलाएं आई थी?
5. वहां महिलाओं को क्यों रोककर रखा गया?
6. व्यवस्था कौन देख रहा था?

## इंदौर संभाग में स्मार्टमीटरीकरण कार्य तेजी से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को प्राथमिकता देते हुए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सूचना प्रौद्योगिकी के कार्यों के साथ ही स्मार्ट मीटरीकरण कार्य भी गतिशीलता के साथ किया जा रहा हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि इंदौर राजस्व संभाग में तीन लाख पैंसठ हजार से ज्यादा घरों, परिसरों में अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। संभाग के ही दो शहर महू और खरगोन पूर्णतः स्मार्ट मीटरीकृत श्रेणी के दर्ज हो चुके हैं। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर शहर में सबसे ज्यादा 2 लाख 60 हजार के करीब स्मार्ट मीटर लगे है। दूसरे क्रम पर खरगोन में 43 हजार, झाबुआ जिले के नगरीय क्षेत्रों में 25 हजार, बड़वानी के नगरीय क्षेत्रों में 28 हजार, महू में 15016 स्मार्ट मीटर लगे हैं। श्री तोमर ने बताया कि ये स्मार्ट मीटर सटीक बिल गणना, एप पर खपत देखने की सुविधा के साथ अन्य प्रकार की मदद कर रहे हैं। इससे उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो रही हैं।

**उज्जैन क्षेत्र में भी कार्य प्रगतिरत-** प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि उज्जैन क्षेत्र में भी 2 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगे है। उज्जैन शहर में सर्वाधिक 80 हजार, रतलाम में 71300, देवास में 45400, मंदसौर और नीमच क्षेत्र में 11200, 11200 स्थानों पर अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगे है।

## अवैध उत्खनन करने पर तीन पोकलेन और तीन डंपर जब्त

इंदौर। इंदौर जिले में अवैध उत्खनन करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज तहसील बिचोली हप्सी के ग्राम केलोद करताल में शासकीय भूमि सर्वे नंबर 272, 282 पर अवैध उत्खनन करते हुए मौके पर तीन पोकलेन एवं तीन डंपर जब्त किये गये। एस.डी.एम. कल्याणी पांडे ने बताया कि उक्त कार्यवाही राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।



# पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को जीवित रखने के लिए पत्रकारिता के आचरण के मानकों का पालन जरूरी

## नया प्रेस एक्ट पत्रकार एवं पत्रकारिता की बेहतरी के लिए होगा मददगार

### जनसम्पर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को जीवित रखने के लिये पत्रकारिता के आचरण के मानकों का पालन जरूरी है। पत्रकारिता के आचरण के मानकों का पालन कर समाज में विश्वसनीयता कायम रखी जा सकती है। नया प्रेस एक्ट पत्रकार एवं पत्रकारिता की बेहतरी के लिए मददगार होगा। नये प्रेस एक्ट से पत्रकारिता के आचरण के मानकों का पालन कर समाज में हम सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। नये प्रेस एक्ट से कार्यक्षमता में वृद्धि भी होगी तथा कार्य आसान और सुविधाजनक होगा।**

उक्त उदगार अतिथियों द्वारा संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर द्वारा प्रेस एक्ट और पत्रकारिता के आचरण के मानक विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किए गए। इस कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार रघुवीर तिवारी भोपाल, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी और




वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शुक्ला ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने उक्त विचार व्यक्त किये। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अरविंद तिवारी ने कहा कि पुराने प्रेस एक्ट में विसंगतियां थी। नये प्रेस एक्ट में इन विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। नया प्रेस एक्ट कार्य क्षमता में वृद्धि में मददगार होगा। पत्रकारिता को संरक्षण मिलेगा, पत्रकारिता की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। पत्रकारों को पत्रकारिता की गरिमा और आचरण का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम समयबद्धता का पालन करें। निर्भय और निडर होकर गरिमा के साथ पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि एक अच्छी पत्रकारिता के लिए जरूरी है कि संवाद, संपर्क एवं सूत्र मजबूत हों। उन्होंने नई पीढ़ी के पत्रकारों से आग्रह किया कि वह समाज में सम्मान पाने के लिए बेहतर आचरण रखें। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद ने प्रेस एक्ट में बदलाव कर अपना काम कर दिया है, पत्रकारों को भी अब अपने दायित्वों का निर्वाह पूर्ण ईमानदारी के साथ करना होगा। पत्रकारों के हितों का संरक्षण एवं कल्याण राज्य शासन का दायित्व है। राज्य शासन खुले मन से पत्रकारों का सहयोग कर रही है।

भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार रघुवीर तिवारी ने कहा कि तकनीकी के नए युग में न्यूज़ का स्वरूप भी बदल रहा है। पत्रकारिता का दायरा भी बढ़ा है। प्रसारण के तौर तरीके में भी तेजी से बदलाव आया है। तकनीकी के नए दौर में पत्रकारिता के स्वरूप में हमें अपनी मूल पत्रकारिता को नहीं खोना चाहिए। अपनी विश्वसनीयता को हर हाल में कायम रखना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के मूल्य में भी बदलाव आ रहा है। कार्य प्रणाली में भी बदलाव हुआ है। रघुवीर तिवारी ने कहा कि नया प्रेस एक्ट नैतिक मूल्यों के संरक्षण में मददगार होगा। यह एक्ट हमारे कार्यों को सहज एवं सुविधाजनक बनाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति हमारी जवाबदेही को समझते हुए स्वयं ही अपने आचरण के मानक तय करें। आचरण के मानक किसी नियम कानून से तय नहीं होते हैं, यह मानक समाज हित में हमें ही बनाना होंगे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए नवनीत शुक्ला ने कहा कि पहले पत्रकार एवं पत्रकारिता के एक निश्चित सिद्धांत होते थे। पत्रकारिता मिशन थी। आज इसमें नकारात्मक बदलाव आया है। पत्रकारिता में नई चुनौतियां आज हमारे सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता व्यवसाय नहीं है, इसे दिल से की जाना चाहिए। पत्रकारिता अगर दिल और दिमाग से करेंगे तो हमें सम्मान जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को जीवित रखना होगा। हमें पत्रकारिता के आचरण के मानकों का पालन भी करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रेस एक्ट में समय की जरूरत के मान से आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता ऊर्जा एवं अनुभव के साथ में निखरती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. आर. आर. पटेल ने स्वागत उदबोधन देकर कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संजय लाहोटी ने किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पत्रकारगण मौजूद थे।

# खजराना गणेश के दर्शन कर नए कमिश्नर ने किया पदभार ग्रहण





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नए संभागायुक्त का पदभार मंगलवार को दीपक सिंह ने ग्रहण किया। वे इससे पहले ग्वालियर के संभागायुक्त थे। सबसे पहले उन्होंने खजराना मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की और फिर संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे। अफसरों ने उनका बुके देकर स्वागत किया।

इस मौके पर उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव होने वाले है। निवार्चन कार्य को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराना पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा शासन की योजनाएं संभाग में संचालित होंगी और उनका प्रभावी क्रियान्वयन कराया जाएगा। लोगों को अपने कामों के लिए भटकना न पड़े, यह प्राथमिकता रहेगी। सिंह ने कहा कि इंदौर शहर प्रदेश की व्यापारिक राजधानी है और देश के सबसे साफ शहरों में शामिल है, वहीं दूसरी तरफ इंदौर संभाग के कई जिले अनुसूचित जाति और जनजाति बाहुल्य है। दोनो हिस्सों में हम बेहतर कार्य करेंगे। यह भी मेरी प्राथमिकता में शामिल है। सिंह ने इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और मध्यप्रदेश नर्मदा विकास निगम के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी ग्रहण किया। संभागायुक्त कार्यालय में उन्होंने अफसरों की बैठक भी ली।

# इंदौर से कांग्रेस को नहीं मिल रहा भाजपा को टक्कर देने वाला चेहरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की दूसरी सूची जारी कर दी। इसमें मध्यप्रदेश के दस टिकट तय हुए है लेकिन प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर की लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया।**

इंदौर लोकसभा सीट 35 सालों से कांग्रेस नहीं जीत पाई है। इस बार भी कांग्रेस को वो चेहरा नहीं मिल रहा, जो भाजपा को चुनाव में तगड़ी टक्कर दे सके। पैनल में जो नेता था, उनमे से दो पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। अब इंदौर सीट के लिए कांग्रेस की तरफ से सत्यनारायण पटेल, अरविंद बागड़ी, अक्षय बम सहित अन्य नेतागणों के नाम चर्चा में है, लेकिन वे नेता भी गंभीर रुप से टिकट के लिए दावेदारी नहीं जता रहे है। भाजपा ने भी इंदौर लोकसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इंदौर सीट से किसी महिला नेत्री या केंद्रीय स्तर के नेता को टिकट देने की चर्चा भी है, लेकिन सांसद शंकर लालवानी भी दोबारा टिकट के लिए तगड़ी दावेदारी जता चुके है।

इंदौर संसदीय सीट को भाजपा अपना गढ़ मानती है। विधानसभा चुनाव में जिले की 9 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव जीते। नगर निगम में भी 85 में से 70 पार्षद भाजपा के है। लोकसभा चुनाव की बात करें तो लगातार 9 बार कांग्रेस लोकसभा चुनाव इंदौर सीट से हार चुकी है। 9 में से सात बार भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से ज्यादा रहा। सिर्फ 2009 में ही भाजपा की जीत का अंतर 11 हजार 480 वोटों पर सिमट गया था। तब कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल उम्मीदवार थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। तब कांग्रेस ने पंकज संघवी को टिकट दिया था।

# इंदौर के 5 खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप मे लेंगे भाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंडीगढ़ में अयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप जो की 14/3/2024 से 19/3/2024 चंडीगढ़ मे अयोजित होगी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विमल राय, मोहित प्रजापत, सुमित जाजोरिया, पियूष पंवार व महिला वर्ग अलीना बडोदिया शमिल हे खिलाड़ियों की उपलब्धि पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के



अध्यक्ष रमेश मैंदोला, ओम जी सोनी, शिहान अशोक सेन जी, शिहान महेश कुशवाहजी, अजय शुक्ला मोहन कनौजिया हिमांशु कल्याणी, मयूर यादव, मुस्कान चौहान ने बधाई व शुभकमनाये दी।

# मृत्यु के बाद भी मानवता के लिए काम आने की मिसाल बनीं सीमा चावला

## परिवार ने देहदान का संकल्प किया पूरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दान पुण्य के नाम पर कई कार्य किए जाते हैं। कुछ लोग मृत्युपरांत नेत्रदान करते हैं, तो कुछ लोग देहदान। समाजसेवा के साथ मेडिकल विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए 58 वर्षीय सीमा चावला के देहदान करने के संकल्प को चावला परिवार ने पूरा किया।समाज के लिए मानव की मानवता इतनी अच्छी है कि वह आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल बन गई है। जिंदगी के बाद भी देहदान की प्रति लोगों को जागरूक करने पहल को आगे बढ़ाने की पहल चावला परिवार ने की है। सीमा चावला एच 82 एमआईजी इंदौर निवासी के निधन के पश्चात उनके पुत्रों ने महर्षि देहदान समिति से संपर्क किया। पुत्र डॉ. कपिल एवं केतन चावला ने अपनी माता के देहदान की प्रक्रिया के लिए समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर व्यास और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के आरसी यादव एवं देहदान अधिकारी राज गोयल से संपर्क किया। मृत देह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जीएस पटेल और एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. विमल मोदी को सौंपी।

# हरदा ब्लास्ट की जांच रिपोर्ट श्रम मंत्री ने लौटाई

## भोपाल के संबल घोटाले पर कहा-पंचनामा के बगैर भुगतान कैसे हुआ, प्रक्रिया बदलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हरदा जिले में 6 फरवरी को हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की जांच रिपोर्ट श्रम मंत्री ने लौटा दी है। मंगलवार को श्रम और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल 9 साल बाद प्रदेश में बढ़ाई गई मजदूरी दरों की जानकारी दे रहे थे। इस दौरान उनसे हरदा हादसे और भोपाल नगर निगम में हुए संबल घोटाले को लेकर सवाल पूछा गया था।**



हरदा हादसे पर उन्होंने कहा- मैं जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए उसे स्वीकार नहीं किया है। मैंने मजदूरों की आइडेंटिटी को लेकर अपने विभाग से सवाल किए हैं। पूछा है कि यदि 2015 में उसी जगह पर हादसा हुआ था तो उस फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की संख्या का एनरोलमेंट क्यों नहीं था? अभी जो पीड़ित हैं, उसमें पब्लिक की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। मजदूरों की संख्या तो 32 ही है। जब सूची ही नहीं हैं तो वेरिफिकेशन किस आधार पर हो रहा है? आप किसी घायल से पूछकर उसे मजदूर बता रहे हैं। उसकी बहस में नहीं पड़ रहा। लेकिन अगर आपके पास किसी इंडस्ट्री में काम करने वालों की सूची नहीं हैं तो न्याय करने का आधार क्या होगा? इसलिए मैं खुद प्रथम दृष्ट्या मैने रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया है। प्रह्लाद पटेल ने बताया कि- मैंने कहा है कि यदि कोई पेपर वहां (हरदा) के कलेक्टर या हमारे विभाग के पास हो तो दिखाएं। 2015 में ठीक इसी तरह की घटना हो चुकी है। उसके बाद भी सूची अगर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में हमें अपने मैकेनिज्म पर विचार करना पड़ेगा कि क्या तरीका अपनाएं। इसके मैने निर्देश जारी किए हैं।

### भोपाल में जीवित को संबल लाभ पर भी दिए निर्देश

भोपाल नगर निगम में जीवित लोगों को संबल योजना का लाभ दिए जाने पर भी मंत्री ने कहा है कि मामले में भी मैने कहा कि पंचनामा के बगैर भुगतान कैसे हो सकता है। अगर होता है तो उस प्रक्रिया को भी हम बदल रहे हैं। मुझे जानकारी मिली है कि नगर निगम के 6 अधिकारियों को निलंबित किया है। मैने अपने विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि हमें रिकवरी के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिखना चाहिए, क्योंकि आप जो कार्यवाईयां करते हैं वो आपका अधिकार क्षेत्र है, लेकिन संबल का भुगतान श्रम मंत्रालय के पैसे से होता है।

# गुना में लेडी सीएसपी से झूमाझटकी

## प्रदर्शन के दौरान बदसलूकी, राहगीर को पीटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में भूसा फैक्ट्री के चौकीदार की मौत पर प्रदर्शन करने वाले 15 लोगों पर मंगलवार को नामजद एफआइआर दर्ज की गई है। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को सीएसपी और टीआई तक से झूमाझटकी की थी। राह चलते लोगों से भी बदसलूकी की थी। युवक को चप्पल से पीटा था। आरोपियों में दो पार्षद के पति भी शामिल हैं। बलवा, उपद्रव, शासकीय कार्य में बाधा की धाराएं लगाई गई हैं।**

कुसमोदा निवासी गजानंद लोधा (45) बमोरी बुर्जुग गांव में मुकेश राठौर की भूसा फैक्ट्री में चौकीदार थे। रविवार रात उनकी मौत हो गई। फैक्ट्री मैनेजमेंट का कहना है कि गजानंद ने फांसी लगा ली। वहीं, परिवार फैक्ट्री मालिक पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगा रहा है।

परिजन बोले- हमें देर से सूचना दी

परिजन का कहना है कि फैक्ट्री के लोग गजानंद को जिला अस्पताल छोड़ आए। वहां शव मचुरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा दिया गया। सोमवार सुबह हमें सूचना दी गई। नाराज परिजन सोमवार सुबह ही कैंट थाने गए। इसके बाद कलेक्टर और रढ ऑफिस भी पहुंचे, हालांकि इस समय तक ऑफिस नहीं खुले थे। ऐसे में सभी लोग हनुमान चौराहे पर आकर बैठ गए। इनमें महिलाएं भी थीं। सभी ने हनुमान चौराहे को जाम कर दिया। इनकी मांग थी कि फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। घर वालों की मांग पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ 306 में मामला दर्ज किया गया।

# पिता को कॉल- आपकी बेटी लड़के के साथ पकड़ी गई

## →खुद को अफसर बताकर 30000 ट्रांसफर कराए; इंदौर में पढ़ाई कर रही गुना की छात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** इंदौर में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही गुना की छात्रा के पेरेंट्स से 30 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। फ्रॉड करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर छात्रा के पिता को कॉल कर कहा, ह्यआपकी बेटी लड़के के साथ पकड़ी गई है। बदनामी से बचना हो तो 30 हजार रुपए ट्रांसफर कर दो।ह्व अपनी बात सही साबित करने के लिए आरोपी ने उनके वॉट्सएप पर एक फोटो भी भेजी। घबराए पिता ने पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में बेटी का फोन आया, तब पता चला कि ऐसा कुछ नहीं है। मामले की शिकायत एसपी से की गई। घटना सोमवार की है। मंगलवार सुबह तक केस दर्ज नहीं हुआ।

नरहरि भार्गव फॉरेस्ट गार्ड हैं। वे शिवपुरी जिले के बदरवास में तैनात हैं। गुना में भगत सिंह कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी इंदौर में रहकर ढरउ की तैयारी कर रही है। सोमवार सुबह 10 बजे फ्रॉड का कॉल आया। कहा कि बेटी को एक युवक के साथ क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। मामला रफा - दफा करने के लिए 30 हजार रुपए ऑनलाइन भेज दें।

फोन करने वाले ने एक फोटो भी भेजा। इसमें कुछ पुलिस अधिकारी मीडिया के सामने किसी केस का खुलासा करते हुए नजर आ रहे हैं। उनके पीछे खड़े लोग आरोपी लग रहे हैं। फोन करने वाले ने एक युवती से भी बात कराई। भार्गव के मुताबिक वे इतना घबरा गए कि उनके दिमाग में ही नहीं आया कि एक बार बेटी को फोन कर बात कर लें। उन्होंने फौरन गूगल पे के जरिए आरोपी के बताए नंबर पर 30 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

भार्गव ने बताया कि सुबह 11 बजे बेटी ने अपनी मां को फोन लगाया। उसे पता चला तो उसने बताया कि वह अपने हॉस्टल में है। पूरी तरह सेफ है।

# 70 साल के बुजुर्ग ने गाय को रेस्क्यू किया

## 100 फीट गहरे कुएं में उतरकर गाय को रस्सी के सहारे बाहर निकलवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना में 70 साल के बुजुर्ग ने 100 फीट गहरे कुएं में उतरकर गाय को रेस्क्यू कराने में मदद की। उन्होंने कुएं में उतरकर गाय को रस्सी से बांधा, इसके बाद उसे बाहर निकाला जा सका। पुलिस और लोगों ने बुजुर्ग को इनाम के तौर पर राशि देनी चाही तो उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिया।

मामला मुरैना के सरायछोला क्षेत्र के धुआंराम का पुरा गांव का है। यहां सोमवार को गाय कुएं में गिर गई। जब इसकी जानकारी गांव वालों को लगी तो उन्होंने सरायछोला थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस लाइन में तैनात क्रेन ड्राइवर सुधीर ने जय बजरंग गो सेवा समिति के प्रमुख रुद्रप्रताप सिंह को भी जानकारी दे दी।

### लोग पीछे हटे तो खुद आगे आए बुजुर्ग

गो सेवकों की टीम गांव पहुंची। गांव वालों से कहा कि किसी को कुएं में उतरकर गाय को बांधना पड़ेगा। इस पर सभी खामोश हो गए। इसी बीच गांव के दीवान सिंह कंषाना आगे आए। उन्हें लोगों ने रोका भी, लेकिन वह नहीं माने। कुएं में उतरकर उन्होंने गाय के शरीर पर मोटा पट्टा बांधा। इसके बाद गाय को रस्सी से बांधा। कुएं के बाहर मौजूद लोगों ने गाय को खींच लिया।

# नरोत्तम से मिले पूर्व नेता प्रतिपक्ष, बंद कमरे में चर्चा

## डॉ. गोविंद सिंह बोले- कई लोग इसलिए गए क्योंकि पार्टी सम्मान नहीं दे पाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस के सीनियर लीडर और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह मंगलवार को पूर्व गृह मंत्री व भाजपा की न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मिले। दोनों नेताओं के बीच नरोत्तम के आवास पर बंद कमरे में आधे घंटे तक चर्चा हुई।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मिलने के बाद डॉ. गोविंद सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा- हमारी मुलाकातें होती रहती हैं। हम पड़ोसी हैं। छात्र जीवन से एक-दूसरे के साथ हैं। वे हमारे यहां आते हैं, हम उनके यहां आते - जाते रहते हैं।

कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा- कई लोग इसलिए चले गए क्योंकि वे लोग जो मान-सम्मान चाहते थे उतना मान-सम्मान पार्टी नहीं दे पाई। उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा हैं, इसलिए जा रहे हैं। मेरा मुरैना से चुनाव लड़ने का विचार था, लेकिन मैंने विचार त्याग दिया है। वैसे पार्टी हमें टिकट भी नहीं दे रही।

**बोले- कांग्रेस में हूं और रहूंगा-** भाजपा जॉइन करने के सवाल पर गोविंद सिंह ने कहा- हम भाजपा जॉइन करने वाले नहीं हैं। हम तो दोस्ती के नाते आए हैं। अगर कोई ऐसी बात होती तो हम पहले ओपन करते हैं। आप लोगों को ओपन कर देंगे। मैं कांग्रेस में हूं और कांग्रेस में रहूंगा।

**दल अलग, लेकिन दोस्ती पुरानी है -** गोविंद सिंह ने कहा, हम डॉ. नरोत्तम मिश्रा से हमेशा मिलते रहते हैं। चुनाव के बाद भी मिले हैं। दल अलग-अलग भले हैं, लेकिन दोस्ती है। आप देखिए हरियाणा वाले वीरेंद्र सिंह भाजपा में हैं, उनका बेटा कांग्रेस में आ गया। दोनों बाप-बेटे एक साथ, एक मकान में रह रहे हैं। सुचेता कृपलानी कांग्रेस की नेता थीं, आचार्य कृपलानी समाजवादी थे। दोनों एक घर में रहते थे, लेकिन पार्टियां अलग-अलग थीं।

**टिकट की बात नेतृत्व बताएगा-** अब तक लोकसभा चुनाव के टिकट घोषित न कर पाने के सवाल पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यह पार्टी का नेतृत्व जाने, मैं टिकट वितरण कमेटी में नहीं हूं। जब दिल्ली में था तब बता देता था।

# होली से बदलेगा महाकाल की आरती का समय

## बाबा करेंगे शीतल जल से स्नान; क्रम चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से अश्विन पूर्णिमा तक रहेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में होली से ही प्रतिदिन होने वाली आरतियों के समय में परिवर्तन हो जाएगा। इसी दिन से बाबा महाकाल को शीतल जल से स्नान कराया जाएगा। यह क्रम आश्विन पूर्णिमा तक रहेगा। महाकाल में होलिका दहन भी सबसे पहले होता है। इसके बाद शहर के अन्य स्थानों पर होलिका का दहन किया जाता है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्ष में दो बार प्रतिदिन होने वाली आरतियों के समय में परिवर्तन होता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च को होगा। परंपरा अनुसार मंदिर में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से प्रतिदिन होने वाली आरतियों के समय में परिवर्तन होता है। भगवान महाकालेश्वर को शीतल जल से स्नान कराने का क्रम भी शुरू हो जाएगा। पुजारी विजय गुरू ने बताया कि बाबा महाकाल की आरतियों के समय में आधा घंटा समय का परिवर्तन होता है। भगवान की दिनचर्या में परिवर्तन हो जाता है। संध्याकालीन पूजन सायं 5 बजे से ही होगी। आरतियों का यह क्रम आश्विन पूर्णिमा तक रहेगा। इसी तरह शहर में सबसे पहले श्री महाकालेश्वर मंदिर में होलिका दहन किया जाता है।

### यह होगा बाबा महाकाल की आरतियों का समय

प्रथम भस्म आरती: प्रातः 4 से 6 बजे तक
द्वितीय दद्योदक आरती: प्रातः 7 से 7:45 बजे तक
तृतीय भोग आरती: प्रातः 10 से 10:45 बजे तक
चतुर्थ संध्याकालीन पूजन: सायं 5 से 5:45 बजे तक
पंचम संध्या आरती: सायं 7 से 7:45 बजे तक
शयन आरती: रात्रि 10:30 से 11 बजे तक
(भस्म आरती एवं शयन आरती अपने निर्धारित समय पर ही होगी।)

New Delhi

# दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी किसानों की महापंचायत, दिल्ली पुलिस ने इन शर्तों पर दी इजाजत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 मार्च को 'किसान मजदूर महापंचायत' होने जा रही है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का दावा है कि पंजाब-हरियाणा और यूपी सहित कई राज्यों के लोग इस महापंचायत में शामिल होंगे। एसकेएम ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली पुलिस ने उसे 14 मार्च को रामलीला मैदान में 'महापंचायत' करने की इजाजत दे दी है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने कड़ी शर्तों के साथ इजाजत दी है।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम हर्षवर्धन ने कहा, ''हमने कड़ी शर्तें लगाई हैं और किसान मोर्चा के नेताओं ने एक शपथपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं कि वे शर्तों का पालन करेंगे।'



एसकेएम ने कहा कि महापंचायत में मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ 'लड़ाई तेज करने' का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर 2020-21 में किसानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले किसान संगठनों की अगुवाई करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने इस बात पर जोर दिया कि यह महापंचायत शांतिपूर्ण रहेगी।

एसकेएम ने एक बयान में दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने 14 मार्च, 2024 को रामलीला मैदान में महापंचायत आयोजित करने और दिल्ली नगर निगमम के सहयोग से पार्किंग स्थान और पानी, शौचालय और एम्बुलेंस जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए एनओसी जारी की है।

Chhattisgarh

## भाभी के प्यार में पागल देवर की सनक, सगे बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

### →तेल मालिश करने के बहाने दबाया गला

**कवर्धा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. कवर्धा जिले में एक युवक ने अपने ही सगे भाई को मौत के घाट उतार दिया और भाई की मृत्यु के बाद चुपके से अंतिम संस्कार करने को लेकर आतुर था.

दरअसल, जिले के थाना कुकदूर इलाके का यह मामला है. बांगर गांव में पंचम सैयाम का बड़ा बेटा बिरसु राम (33 साल) पत्नी और परिवार के साथ खुशी से रहा करता था. लेकिन घर के छोटे बेटे भीम सैयाम की नजर अपने बड़े भाई की पत्नी पर थी. जानकारी लगने से बड़े भाई को काफी परेशान था और अत्यधिक शराब का सेवन करने लगा था.

इसी बीच, बीते शुक्रवार को बिरसु अधिक शराब सेवन करके घर आया. इसी का फायदा उठाकर छोटे भाई भीम सैयाम ने अपने बड़े भाई की तेल से मालिश करने के बहाने से गला दबाकर हत्या कर दी. फिर अपने कुछ करीबियों को जानकारी दी कि बड़े भाई की अचानक अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गई है. इस सूचना के बाद मृतक भाई के शव को लेकर अंतिम संस्कार करने चला गया.

लेकिन जैसे ही गांववालों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने बिरसु की मृत्यु का कारण पूछा, लेकिन छोटे भाई ने अलग-अलग जवाब दिया. इससे गांववालों की नजर में आरोपी छोटे भाई भीम सैयाम संदेह के दायरे में था.

गांववालों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस के डर से आरोपी ने मृतक बड़े भाई के शव को घर वापस ले आया. लेकिन पुलिस ने आखिरकार बारीकियों से जांच कर आरोपी छोटे भाई भीम सैयाम को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया.

Uttarpradesh

## गौर सिटी के पास ढाबे में लगी भीषण आग, आसमान में छाया काला धुआं

**नोएडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है. यहां गौर सिटी 4 मूर्ति गोल चक्कर के पास शेरे पंजाब ढाबे में आग लगी है. आग लगते ही



पूरा इलाका लपटों से घिर गया. आसमान में काला धुआं छा गया. लोगों ने देखा तो तुरंत घरों से बाहर निकल आए और सूचना फायर ब्रिगेड को दी. जानकारी मिलते ही फायर टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है. जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में हिंडन नदी के किनारे अस्थाई मार्केट बनी हुई है. इसमें कई ढाबे भी हैं. बुधवार सुबह अचानक एक ढाबे में आग लग गई. धीरे-धीरे आग लगातार बढ़ती चली गई और इसने आसपास कई अन्य ढाबों व दुकानों को आगोश में ले लिया. ढाबे व दुकानें धू-धूकर जलने लगीं. आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया.

Bihar

## पटना में बड़ी वारदात, अपराधियों ने 3 युवकों को मारी गोली, इलाके में हड़कंप

**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना इलाके के पुनाईचक सब्जीमंडी में अपराधियों ने मंगलवार की रात दस बजे अंधाधुंध फायरिंग कर तीन लोगों को गोली मार दी। अपराधियों की गोलीबारी के दौरान पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। सब्जीमंडी में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी गोली चलाते हुये फरार हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने गोली से घायल एक व्यक्ति जितेंद्र राय को पाटलिपुत्र स्थित निजी अस्पताल जबकि दूसरे अजय साह को आईजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया। जितेंद्र को सीने जबकि अजय को बांह में गोली लगी है। दोनों पुनाईचक के पत्थर गली के रहने वाले हैं। जबकि तीसरा घायल व बांका जिले के निवासी गुंजन झा को सब्जी खरीदने के दौरान पैर में गोली लग गई। घायलों में अजय की हालत चिंताजनक है। वारदात के कारणों को लेकर अब तक सस्पेंस बरकरार है। पुलिस प्रेम-प्रसंग और सब्जी दुकान लगाने को लेकर चल रहे विवाद के पहलू पर जांच कर रही है।

घायल अजय की बेटी ने बताया कि वह किराये पर पत्थर गली में रहती है। उसी के मकान में रहने वाला एक दूसरा किरायेदार अक्सर उस पर शादी करने का दबाव डालता था। लेकिन उसने इंकार कर दिया। बीते सोमवार को भी उसने इसी बात को लेकर झगड़ा किया था। उसने धमकी भी दी थी। परिवारवालों ने उसी पर गोलीबारी करवाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस सब्जी दुकान लगाने को लेकर हुये विवाद को लेकर भी छानबीन कर रही है।

खेल

# ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड यशस्वी जायसवाल को एनाबेल सदरलैंड विमेंस कैटेगरी की बेस्ट क्रिकेटर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल फरवरी के लिए ICC के प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए हैं। विमेंस कैटेगरी में यह अवॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को मिला। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मंगलवार को अवॉर्ड विनर्स का ऐलान किया।यशस्वी ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के ओपनर पथुम निसांका को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड अपने नाम किया।

### यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ दो दोहरे शतक लगाए

यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 712 रन बनाए थे। इस दौरान दूसरे और तीसरे टेस्ट में दोहरे शतक लगाए। उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 209 और तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में



नाबाद 214 रन बनाए। फिलहाल यशस्वी ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

### सबसे कम मैचों में हजार रन पूरे करने वाले भारत के पहले बैटर यशस्वी

यशस्वी जायसवाल ने 9 मैचों में 1000 रन पूरे किए। वे सबसे कम मैच खेलकर ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे बैटर बने। लिस्ट में नंबर-1 पर ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन हैं। उन्होंने महज 7 मैचों में ही 1000 रन बना लिए थे। यशस्वी सबसे कम मैच खेलकर हजार रन बनाने के मामले में भारत के पहले बैटर हैं।

**यशस्वी ने टेस्ट की एक पारी में 12 छक्कों की बराबरी की-** राजकोट टेस्ट के दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने 214 रन की पारी में 12 सिक्स लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा हैं। साथ ही वसीम अकरम (Vs जिम्बाब्वे) के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली थी।

### मैं ICC अवॉर्ड हासिल करके बहुत खुश हूं- यशस्वी

ICC अवॉर्ड ऐलान होने के बाद जायसवाल ने कहा, मैं ICC अवॉर्ड हासिल करके बहुत खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि आगे और अवॉर्ड मिलेंगे। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को लेकर उन्होंने कहा, मैंने वास्तव में इसका एन्जॉय किया, जिस तरह से मैंने खेला है और जिस तरह से यह रहा है और हमने सीरीज 4-1 से जीती है। यह मेरे सभी साथियों के साथ एक बेहतरीन अनुभव रहा है।

सिनेमा

## अपनी जेब से बाउंसर-बॉडी डबल को फीस देते हैं प्रभास, प्रोड्यूसर्स से नहीं कराते एक्स्ट्रा खर्च



साउथ के साथ-साथ प्रभास बॉलीवुड के भी चहेते स्टार हैं. एक्टर ने अपनी मेहनत से पूरे शोबिज वर्ल्ड में परचम लहराया है. बाहुबली स्टार हर एक फिल्म के लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं. उनके स्टारडम से तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन उनके बारे में एक बात बड़ी खास है जो शायद किसी को पता हो. वो ये कि एक्टर प्रोड्यूसर्स और फिल्म मेकर्स पर अपने खर्च का एक्स्ट्रा भार नहीं डालते हैं. इसकी पूरी जिम्मेदारी वो खुद लेते हैं.

ग्रेट आंध्रा को दिए इंटरव्यू में इंडस्ट्री के इनसाइडर ने इस बात का खुलासा किया. उन्होंने प्रभास के बारे में इस अनसुने किस्से का खुलासा किया. इनसाइडर ने बताया कि कैसे प्रभास फिल्म फ्रेटरनिटी के बाकी सभी स्टार्स से अलग हैं. उन्होंने ये भी रिवील किया कि एक्टर अपने प्रोड्यूसर्स से एक भी एक्स्ट्रा पैसे चार्ज नहीं करते हैं. जहां फीस की बात आती है, उनका तरीका अपने साथी कलाकारों से बेहद अलग है.

सोर्स ने कहा- प्रभास का अपनी फीस और मिलने वाले खर्च की तरफ बहुत अलग ही अप्रोच है, जिससे उन्हें फिल्म मेकर्स के बीच अलग ही लेवल का सम्मान मिलता है. जब प्रभास को किसी फिल्म के लिए मेहनताना या फीस मिलती है तो वो एक भी रुपया एक्स्ट्रा नहीं मांगते हैं. ये बाकी स्टार्स के बिल्कुल उलट है, जो अक्सर मेकअप आर्टिस्ट, मैनेजर और असिस्टेंट्स के लिए अलग से पैसों की डिमांड करते हैं.

# संपादकीय

## आम लोगों का बिगड़ा बजट

कुछ समय पहले हरी सब्जियों की कीमतों में आई नरमी की वजह से महंगाई से उपजी परेशानी से जो राहत दिखने लगी थी, अब वह फिर से सिर उठाने लगी है। बाजार में खुदरा वस्तुओं के दाम में तेजी ने कई लोगों की थाली पर असर डालना शुरू कर दिया है। यों खाने-पीने के सामान की कीमतों में आई उछाल ने बीते महीने ही लोगों को आने वाले दिनों के संकेत दे दिए थे। 'क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस' की ताजा रपट के मुताबिक महंगाई की मार का ज्यादा असर शाकाहारी थाली पर पड़ा है। खासकर प्याज और टमाटर के दाम में सालाना आधार पर क्रमश: 29 फीसद और 38 फीसद की बढ़ोतरी हो गई। इसकी वजह से शाकाहारी थाली सात फीसद तक महंगी हो गई। स्वाभाविक ही कीमतों में इस बढ़ोतरी ने लोगों में इनके उपयोग को लेकर हिचक पैदा की है। चूंकि भोजन में प्याज और टमाटर की खासी भूमिका रहती है, इसलिए मांसाहारी थाली पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि इस अवधि के दौरान मांसाहारी भोजन में कुछ कमी दर्ज की गई। दरअसल, आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें ऊंची होती हैं तो लोग उनकी खरीदारी को लेकर कई बार प्राथमिकता का निर्धारण करने लगते हैं। कम जरूरी चीजों की खरीदारी बाद के लिए टाल दी जाती है, मगर खाने-पीने सहित कुछ अनिवार्य चीजों की कीमतें कई बार घर के बजट को असंतुलित कर देती हैं। आमतौर पर शाकाहार के अभ्यस्त लोगों के खानपान में प्याज-टमाटर एक जरूरी हिस्सा होता है, जो उनकी थाली की सब्जियों में स्वाद भरता है। मगर इनके साथ-साथ अब अन्य हरी सब्जियों के दाम ने भी शाकाहार के सामने चुनौती पेश की है। यों ठंड के मौसम में आमतौर पर हरी सब्जियों का उत्पादन और आपूर्ति ठीकठाक होने की वजह से बाजार में उसकी कीमतें भी काफी नरम रहती हैं। मगर इस वर्ष लगभग सभी हरी सब्जियों के दाम जिस स्तर पर स्थिर रहे, उसे इनका सस्ता होना नहीं कहा जा सकता। अगर खासी तादाद में लोग सब्जी खरीदते हुए हाथ खींचने लगते हैं, तब इसका मतलब है कि बाजार में कीमतों को लेकर सरकार को जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।

**अर्ज़ किया है..!**

*जिस भी फ़नकार का*
*शहकार हो तुम*
*उस ने सदियों तुम्हें*
*सोचा होगा*

*- अहमद नदीम क़ासमी*

॥ सीताराम ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## इंद्र मेरा यजमान बने तो मैं स्वर्ग जरूर जाऊंगा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**ज्ञान-विज्ञान**

# जब 20 लाख साल तक धरती पर होती रही थी बारिश, जानें फिर कैसे कायम हुई डायनासोरों की बादशाहत



हमारी धरती आज भी रहस्यों से भरी हुई है। हम जितना ही इसकी संरचना को समझने के लिए गहराई में जाते हैं, ये हमें उतना ही आश्चर्य में भर देती है। धरती के इन्हीं रहस्यों में इतिहास का चौंकाने वाला प्रकरण है, जिसके बारे में माना जाता है कि हमारे ग्रह पर लाखों वर्षों तक लगातार बारिश होती रही। लाखों सालों की इसी बारिश ने हमारे नीले ग्रह पर जीवन को पनपने में मदद की। वैज्ञानिक आज भी इस समझने की कोशिश करते हैं कि ये क्यों और कैसे हुआ।

### लाखों साल तक धरती पर होती रही बारिश

वैज्ञानिकों के मुताबिक आज से 20 से 30 करोड़ वर्ष पहले हमारी धरती एक अलग तरह की जगह थी। तब ये अलग-अलग महाद्वीपों में नहीं, बल्कि एक जगह ही थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि उस समय एक दौर ऐसा था जब करीब 10 से 20 लाख साल तक लगातार बारिश होती रही थी। साल 1970 और 80 के दशक में भूवैज्ञानिकों ने कुछ प्राचीन चट्टानों में जमा असामान्य परतों की खोज की थी, जो करीब 23 करोड़ साल पहले की थी। शोधकर्ताओं की एक टीम ने पूर्वी ऑल्प्स में कार्बोनेट संरचनाओं के भीतर जमा सिलिक्लास्टिक अवसादन की एक परत का अध्ययन किया, जबकि एक अन्य टीम ने ब्रिटेन में मशहूर लाल पत्थर के भीतर एंबेडेट ग्रे चट्टान की एक परत का विश्लेषण किया।

### आखिर क्या थी इस लंबी बारिश की वजह

इन दो निष्कर्षों और दुनिया के विभिन्न हिस्सों के अन्य अध्ययनों ने एक समान अवधारणा की ओर इशारा किया कि धरती के इतिहास में एक समय ऐसा आया जब काफी लंबे समय तक सूखा पड़ा और फिर बारिश शुरू हो गई। भूविज्ञानी यह निष्कर्ष निकालने में सक्षम थे कि डायनासोर के युग की शुरुआत में असामान्य रूप से आर्द्र थी। इस अवधि को कार्नियन प्लवियल इवेंट या कार्नियन प्लवियल एपिसोड के रूप में जाना जाता है। धरती पर हुई इस दिलचस्प घटना ने इस बात को समझने की जरूरत पर जोर दिया कि आखिर इतने लंबे समय तक बारिश क्यों होने लगी?

### डायनासोर के खात्मे का भारत से क्या है कनेक्शन, नई स्टडी में खुलासा

अब वैज्ञानिकों का मानना है कि आर्द्रता में वृद्धि का कारण नमी के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि है, जो संभवत: रैंगेलिया लार्ज इग्नियस प्रांत में बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुई है। इसके कारण लाखों वर्षों तक वर्षा होती रही। इस घटना के कारण संभवत: धरती के तापमान में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप महासागर गर्म हो गए और वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई। जियोलॉजिकल सोसायटी के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि आर्द्र अवधि डायनासोर के लिए फायदेमंद थी। लगातार ज्वालामुखी विस्फोटों वाले उथल-पुथल भरे युग के बाद बढ़ी हुई नमी की इस अवधि ने उन्हें विविधता लाने में मदद की।

## Highlights

1. Union government mulls ban on dangerous dog breeds
2. UP: SDM reaches Firozabad hospital for surprise inspection
3. US IT company's director found dead in 5-star hotel in Mumbai
4. What are the new rates for buying plots as Yamuna Authority hikes allotment rates?
5. NCC expansion: Rajnath Singh greenlights 3 lakh cadet vacancies
6. SBI submits electoral bonds details to the Election Commission

# Nita Ambani worked after her marriage to Mukesh Ambani. She earned...

**NEW DEIHI, (Agency).** Mukesh Ambani's wife Nita Ambani started her professional career as a teacher. Even after her marriage to the chairperson of Reliance Industries, she continued her job, she said in an old interview. Talking to Simi Garewal, Nita Ambani revealed that she started teaching at Sunflower Nursery within a year of her marriage to Mukesh Ambani. The couple got married in 1985 after a courtship of three weeks.

Where did Nita Ambani work after marriage to Mukesh Ambani?

On the chat show 'Rendezvous with Simi Garewal', Nita Ambani shared how she earned ₹800 per month from her job as a teacher at Sunflower Nursery. At the time, some people laughed at her, she



shared but the job gave her satisfaction, she added.

"People used to laugh at me at that time, but I think it gave me a lot of satisfaction," Nita Ambani said.

What Mukesh Ambani said on Nita Ambani's job?

The job also paid for "all their dinners", Mukesh Ambani revealed, adding, "And all that salary was mine," when Nita Ambani said "I was paid ₹800 a month."

The old video from 'Rendezvous with Simi Garewal' has over 3.3 million views on social media platform Instagram since being shared.

Anant Ambani-Radhika Merchant's pre-wedding

Anant Ambani and Radhika Merchant's pre-wedding celebrations took place in Jamnagar in Gujarat and were attended by Bill Gates, Mark Zuckerberg, Rihanna, Ivanka Trump, former Prime Minister of Sweden Carl Bildt, among others.

# Zerodha's Nithin Kamath is urging everyone to file advance taxes using this quick guide

**NEW DEIHI, (Agency).** Zerodha co-founder and chief executive officer Nithin Kamath advised traders to file taxes on time before the March 15 deadline using a quick guide to file taxes on the stock broker platform. On social media platform X (formerly Twitter), Nithin Kamath said. "An important aspect of being an active trader is ensuring you file your taxes on time. But most traders ignore this and end up with notices."

What Nithin Kamath said on taxes

He added, "March 15th is the deadline for filing advanced taxes, and many



traders think that it may be applicable to them. If you have an estimated tax liability of ₹10,000 in the form of capital gains, then you have to pay advance taxes."

Explaining how profits from futures and options (F&O) and intraday are considered as business income, he said that traders have to estimate their profits for the entire financial year.

Zerodha's quick guide on paying taxes

To help filing of advance taxes, Zerodha posted a quick guide on its website. The link of the guide is here: https://zerodha.com/z-connect/updates. The guide includes a video featuring Quicko founder Vishvajit Sonagara who explains advanced taxes, misconceptions, estimating advanced taxes and how to file them.

# घायल मिले युवक की मौत

## दूसरे दिन ठीक हुआ, फिर करने लगा था अजीब हरकतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। घर से तीन किलोमीटर दूर एक युवक दो पहले घायल मिला। घर पर उपचार के बाद दूसरे दिन परिवार के लोग उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए। यहां ठीक होने पर वह अजीब व्यवहार करने लगा। रात में दीवार पर सर पटकने लगा। अजीब तरह की हरकतें करने लगा। बाद में उसके नाक से ब्लडिंग हुने लगी। परिवार के लोग मंगलवार को एमवाय लेकर पहुंचे। यहां उसकी मौत हो गई।**

सिमरोल पुलिस के मुताबिक रवि(27)पुत्र मोहन पारगी निवासी ग्राम दतोदा की मंगलवार को एमवाय के दौरान मौत हो गई। रवि के परिवार के लोगो ने बताया कि 10 मार्च की रात बहन रवीना ने उसके मोबाइल पर कॉल किया। तब किसी राहगीर ने बताया कि रवि यहां बेसुध पड़ा है। इसके बाद परिवार के लोग उठाकर उसे घर ले आए। सिर में मामूली चोट होने के चलते दूसरे दिन सुबह डॉक्टर को दिखाया। उसने कुछ दवाई देने के साथ एक्सरे करवाने की बात की।

परिवार तेजाजी नगर ट्रामा सेंटर से चेकअप कराने के बाद घर ले गया। 11 की रात में रवि अचानक अपना सिर जोर जोर से दीवार में मारने लगा। जमीन पर इधर उधर पल्टी खाने लगा। परिवार के लोगो ने तांत्रिक बाधा की बात की। इलाके के एक दरगाह पर उसका उपचार कराया ओर फिर धागा बांधकर उसे सुला दिया। सोमवार की सुबह रवि तेज सांसे लेने लगा। जिसमें उसकी हालत देखकर परिवार के लोगो ने एमवाय ले जाने की बात कही। एंबुलेस को कॉल कर बुलाया गया। इंदौर लाते समय गाड़ी में ही रवि को नाक से ब्लड आने लगा। इसके बाद एमवाय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### माता-पिता नहीं बहन के पास रहता था

रवि की मां उसे काफी साल पहले छोड़कर चली गई। पिता ने भी आत्मदाह कर अपनी जान दे दी। बहन रवीना ओर भाई रवि साथ में रहते थे। बहन की शादी होने के बाद वह रवि को अपने पास ले आई। वह सेनेट्री का काम करता था। पुलिस के मुताबिक अभी पोस्टमार्टम कराया है। डॉक्टरो ने एक दो दिन में रिपोर्ट देने की बात कही है।

# साइबर अपराधों पर सचेत करने के लिए 662वीं कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। साइबर अपराधों के प्रति सचेत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर की 662वीं कार्यशाला आईपीएस एकेडमी में संपन्न हुई। इसमें 90 विद्यार्थियों और 15 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। कपूर ने बताया कि झूठी जानकारी फैलाना, टारगेट करना, मजाक उड़ाना, बिना इजाजत किसी के निजी फोटो, वीडियो, फोन नंबर, ई-मेल शेयर करना, आपत्तिजनक मैसेज कर प्रताडित करना, धमकाना ये सभी साइबर बुलिंग में आते हैं।

डॉ. कपूर ने बताया कि साइबर बुलिंग के शिकार आत्महत्या तक कर लेते हैं। साइबर क्रिमिनल मैसेजिंग प्लेटफार्म, गेमिंग वेब साइट, ई-मेल, चैट रूम का उपयोग कर बच्चों, युवाओं से भावनात्मक संबंध बनाता है। उनसे निजी तस्वीरें, जानकारी हासिल कर जाल में फंसाता है फिर ब्लैकमेल करता है। सायबर स्पेस का उपयोग करते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। लुभावने ईमेल, मेसेज, विज्ञापन या प्रलोभन से बचें। अनजान लिंक को क्लिक न करें। अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें।

# हमला कर ड्रायवर का मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बिजनेसमैन के ड्रायवर का मोबाइल बदमाश लूटकर ले गए। बताया जाता है कि बदमाशों ने उन पर रॉड से हमला कर दिया था। इस हमले में सिर में उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला लूट का होने के चलते पुलिस ने उसे छिपा लिया।

कनाडिया पुलिस ने उमेश सिंगारे की शिकायत पर अज्ञात लूटेरो के खिलाफ लोहे की रॉड से हमला कर मोबाइल लूटने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक उमेश बडें बिजनेसमेन अतुल सौधी के यहां ड्रायवर है। उनकी बेटी कनक ने उमेश को एक बुक दी ओर कहां कि मनावता नगर गेट के यहां उनके दोस्त को देकर आए। उमेश कार लेकर बुक देने निकल गया। यहां कार से उतरकर गेट के सामने उमेश अपनी पत्नी से बात कर रहा था। तभी एक युवक ने पीछे से आकर मोबाइल छीनने की कोशिश की। उमेश की इस दौरान आरोपी ने झूमाझटकी हो गई। तभी आरोपी धक्का दिया उमेश जैसे ही मैदान के यहां पहुंचा तो करीब तीन युवक ओर पहुंचे। एक युवक ने रॉड से सिर पर हमला किया। जिसके बाद वह वह मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीडित बाद में मालिक के बंगले पर पहुंचा ओर मामले की जानकारी दी। इधर दोस्त को साथ ले जाकर उसने थाने में लूट की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके से कुछ संदिग्धो को पकड़ा है।

# दुकान के कर्मचारी पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदन नगर में लकड़ी मंडी की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी को दो बदमाशों ने दोस्त की दुकान पर चाकू मारा ओर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में हत्या के भय दिखाने ओर चाकूबाजी के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गौतम एसके ने बताया कि वह गीतानगर में अपने दोस्त करण की पान की दुकान पर बैठा था। यहां पर इस दौरान नंदी ओर चबूं आए। दोनो ने खाने के लिये गुटखा मांगा। इस पर करण से गुटखा देने की बात पर कहासुनी हो गई। तब गौतम ने बीच बचाव किया तो नंदी ने अपने पास से चाकू निकाला ओर गौतम की कमर में मार दिया। इसके बाद दोनो बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर दोनो आरोपियों की तलाश शुरू की है।

# दुकान का ताला तोड़ते बदमाशों को जनता ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संविद नगर में देर रात एक दुकान में चोरी का प्रयास कर रहे दो बदमाशों को एक फल विक्रेता और रहवासियों ने सक्रियता दिखाकर पकड़ लिया। दोनों बदमाश हथियार लेकर वारदात करने आए थे। इनका एक साथी और है, वह मौका देख भाग निकला। लोगों का कहना है कि तिलक नगर थाना प्रभारी का फोन बंद था। इसके बाद वहीं के एक भाजपा नेता ने एडिशनल डीसीपी को सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।**

जानकारी के मुताबिक कनाडिया रोड पर लता रेडियो नामक दुकान का ताला दो बदमाश तोड़ रहे थे। तभी फल विक्रेता आकाश मालवीय ने देखा और अपने भतीजे विक्की गौड़ को तथा आसपास के लोगों को सूचना दी। भतीजा और सागर पाल दुकान पर आए और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया, तभी मोहल्ले वाले भी वहां आ गए। इनका एक साथी भाग निकला है। पास में रहने वाले भाजपा नेता राजा कोठारी ने बताया कि टीआई को कॉल किया मगर फोन बंद था। थाने पर भी कोई कॉल नहीं उठा रहा था। तुरंत एडि. डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह को सूचना दी तो पुलिस टीम आई। पकड़े गए आरोपियों के नाम रवि और सोनू निवासी शांति नगर हैं। ये दोनों स्कूटर में हथियार रखकर पहुंचे थे। इनका तीसरा साथी जो भाग निकला, उसकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है सोनू हत्या और लूट के मामले में चार महीने पहले ही जेल से छूटा है।

# अवैध उत्खनन-3 पोकलेन, 3 डंपर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन की मुहिम जारी है। मंगलवार को कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर तहसील भिचौली हब्सी के ग्राम केलोद करताल में शासकीय भूमि (सर्वे नंबर 272, 282) पर अवैध उत्खनन करते हुए मौके से तीन पोकलेन एवं तीन डंपर जब्त किए गए। एसडीएम कल्याणी पांडे ने बताया कि यह कार्रवाई राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक